कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री प्रेमसिंह गुर्जर निवासी ग्राम निमाली, पोस्ट कोलवा, तहसील दौसा जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा।

अपील सं0 18/2021

निर्णय दिनांक : 08.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल उपलब्ध नही करवाई गई एवं गलत जवाब पेश किया गया। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1076 दिनांक 05.04.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः आरटीआई/2021/339 दिनांक 07.04.2021 द्वारा अवगत करवाया की आवेदक द्वारा चाही गई सूचना विकास अधिकारी पंचायत समिति लवाण से संबंधित होने के कारण आवेदन पत्र को धारा 6(3)मे स्थानान्तरित किया गया। विकास अधिकारी पंचायत समिति लवाण द्वारा आवेदक द्वारा चाही गई सूचना उनके पत्रांक 19200 दिनांक 05.02.2021 द्वारा आवेदक को सीधे ही दे दी गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा